**सहयोगात्मक पर्यवेक्षण**
**जनपद– गाजीपुर**
**दिनांक – 15.02.2021 से 18.02.2021**

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्डई0/2020'–21/18/2192–2 दिनांक 06.08.2020 के क्रम में पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालनार्थ दिनांक 15.02.2021 से 18.02.2021 को राज्य कार्यक्रम प्रबन्धक इकाई द्वारा जनपद गाजीपुर का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण दल के सदस्यों का विवरण निम्नानुसार है–

1. ई0 रणधीर सिंह, सहायक अभियन्ता, एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ।
2. श्री बृजेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव, परामर्शदाता, कम्यूनिटी प्रोसेस, एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ।

जनपद की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण जिला कार्यक्रम प्रबन्धक इकाई के डी0पी0एम0, एम0एच0, कन्सलटेन्ट तथा डी0ए0एम0 के साथ जिला की निम्न इकाईयों पर भ्रमण किया गया–

1. **जिला महिला चिकित्सालय, गाजीपुर**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| जिला महिला चिकित्सालय को नये भवन में स्थानान्तरित होने के कारण प्रसव कक्ष में समाग्रियां अस्त व्यस्त स्थिति मे पायी गयी, जिनको सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देश दिये गये। | चिकित्सा अधीक्षक अपने स्तर समस्त कमियों का निस्तारण 01 सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| पार्टोग्राफ नहीं भरा जा रहा था। | मैट्रन को पार्टोग्राफ भरे जाने का निर्देश दिया गया। | |
| किशोरी स्वास्थ्य परामर्शदाता के कक्ष में कोई भी दवा एवं ऊचॉई नापने का मीटर, उपलब्ध नहीं थी। | तत्काल फार्मासिस्ट को मांगपत्र जमा कर आयरन काल्सिउल एंड सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध करायी गयी। | |
| प्रसव कक्ष में सभी 16 प्रोटोकाल पोस्टर में कमी पायी गयी। | जननी सुरक्षा योजना के प्रशासनिक मद से 16 प्रोटोकॉल पोस्टर प्रिंट कराके लेबर रूम में लगाया जाये। | मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता |
| लाभार्थियों से वार्ता करने पर एवं मैस की स्थिति चैक करने से ज्ञात हुआ कि उन्हें जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत नाश्ते के रूप में चाय, ब्रेड एवं लंच में चावल की खिचड़ी प्रदान तो किया जा रहा है, परन्तु वार्ड में कोई मैन्यू चार्ट उपलब्ध नहीं था। | भोजन का सप्ताहिक चार्ट दीवारों पर अंकित कराना सुनिश्चित करें। | मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता |
| पी0एन0सी0 वार्ड में कोई आई0ई0सी0 नहीं लगी थी एवं न ही नर्स स्टॉफ के द्वारा नियमित कलर कोटेड बेडशीट नहीं लगायी जा रही है। | | |
| छब्न में रेडियंट वार्मर क्रियाशील नहीं था, जिसके लिए तत्काल सेवाप्रदाता से बात कर ठीक कराया गया। | | |
| हेल्प डेस्क की स्थापना मानकानुसार नहीं की गयी थी साथ ही राज्य स्तर से उपलब्ध कराये गये प्रोटोटाइप के अनुसार हेल्प डेस्क पंजिका नहीं बनायी गयी थी। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महोदय को हेल्प डेस्क की स्थापना मानकानुसार कराये जाने का सुझाव दिया गया। | |
| सेवाप्रदाता द्वारा तैनात कर्मचारियों के पास पहचान पत्र एवं यूनिफार्म को धारण नहीं किये हुये थे। | सेवाप्रदाता को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से निर्देशित करने का सुझाव दिया गया कि कर्मचारी पहचान पत्र (नाम, पता एवं आयु) व यूनीफार्म में सेवा प्रदान करना सुनिश्चित करें। | |

Brijendra

| | | |
|---|---|---|
| लेबर रूम में ऑक्सीजन सिलेण्डर का रेग्यूलेटर खराब पाया गया, जिसे तत्काल बदलाया गया। | | |

2. **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुसुम्ही कला, गाजीपुर**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराया जा रहा। प्रसव कक्ष में मानक के अनुसार कुछ कमियां पायी गयीं, जैसे– सभी 16 प्रोटोकॉल पोस्टर में कमी, डिजीटल क्लॉक उपलब्ध नहीं थी। | जननी सुरक्षा योजना के प्रशासनिक मद से 16 प्रोटोकॉल पोस्टर प्रिंट कराके लेबर रूम में लगाया जाये। | |
| प्रसव कक्ष में एमरजेन्सी सेवन ट्रे सुव्यवस्थित नही थे। | | |
| सिटीजन चार्टर का डिसप्ले नही था एवं परिसर में शिकायत पेटिका नही लगी थी। | चिकित्सा अधिकारी को सिटीजन चार्ट एवं शिकायत पेटिका लगाने का निर्देश दिया गया। | |
| पोल गिर जाने के कारण पी0एच0सी0 में 02 वर्ष से बिजली नहीं आ रही है। | संबंधित अधिकारियों को बिजली विभाग को पत्र प्रेषित करने हेतु सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| चिकित्सा अधिकारी की तैनाती न होने के कारण फार्मासिस्ट द्वारा ओ0पी0डी0 की जा रही थी। | चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डी0पी0एम0यू0 कार्यालय को अवगत कराया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| पी0एच0सी0 पर सिर्फ 01 एम0एच0सी0पी0 स्टॉफ नर्स की तैनाती थी, मातृ स्वास्थ्य के स्टॉफ नर्स एवं चिकित्सा अधिकारी की तैनाती न होने के कारण यहाँ पर एच0डब्ल्यू0सी0 क्रियाशील नही था। | | |
| एच0डब्ल्यू0सी0 की ब्रान्डिग मानक के अनुसार नहीं थी। | | |

3. **समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– मनिहारी**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सा इकाई में साफ–सफाई अच्छी थी, परन्तु प्रसव कक्ष को ओ0टी0 में एवं ओ0टी0 को प्रसव कक्ष में शिफ्ट किये जाने के कारण व्यवस्था अस्त–व्यस्त थी। | सुव्यवस्थित करने एवं सुचारू संचालन हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| लेबर रूम में नियमानुसार 16 प्रोटोकॉल पोस्टर की कमी थी, जिनको लगाने हेतु निर्देशित किया गया। | | मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता |
| चिकित्सालय के मुख्य द्वारा पर स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर उपलब्ध नही था। | | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| वार्ड में लगा टेलीवीजन अक्रियशील अवस्था में था। | क्रियाशील कराने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| लेबर रूम में डिलवरी टेबल पर गददे नहीं थे, केलीस पेड पंचर थे। स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं थी। | डिलवरी टेबल पर तत्काल गददे डलवाये गये एवं केलीस पेड हेतु मांग पत्र तत्काल प्रेषित करने हेतु सुझाव दिया गया। | स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को अवगत कराया गया । |
| सी0एच0सी0 में बी0सी0पी0एम0 द्वारा क्षेत्र में भ्रमण | बी0सी0पी0एम0 को अपना माइक्रो | |

Brijendra

| | | |
|---|---|---|
| का माइक्रो प्लान उपलब्ध नहीं था। | प्लान बनाकर नियमित भ्रमण करने हेतु सुझाव दिया गया। | |

4. उपकेन्द्र– बरईपारा, गाजीपुर

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2019–20 में भारत सरकार द्वारा उपकेन्द्र बरईपारा की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। वर्तमान में बनाकर स्वास्थ्य विभाग को हस्तगत किया जा चुका है। | | |
| उपकेन्द्र पर अभी तक सी0एच0ओ0 की नियुक्ति नही की गयी है, जिससे जनमानस को उपकेन्द्र का लाभ नही मिल पा रहा है। | नवीन चयनित सी0एच0ओ0 द्वारा जनपद में योगदान आख्या दी जा चुकी है। अतः डी0सी0पी0एम0 को शीघ्र सी0एच0ओ0 की नियुक्ति हेतु सुझाव दिया गया। | जिला स्वास्थ्य समिति / जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई |

5. उपकेन्द्र– गुरैनी, गाजीपुर

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2019–20 में भारत सरकार द्वारा उपकेन्द्र बरईपारा की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। वर्तमान में बनाकर स्वास्थ्य विभाग को हस्तगत किया जा चुका है। | | |
| उपकेन्द्र पर अभी तक सी0एच0ओ0 की नियुक्ति नही की गयी है, जिससे जनमानस को उपकेन्द्र का लाभ नही मिल पा रहा है। | नवीन चयनित सी0एच0ओ0 द्वारा जनपद में योगदान आख्या दी जा चुकी है। अतः डी0सी0पी0एम0 को शीघ्र सी0एच0ओ0 की नियुक्ति हेतु सुझाव दिया गया। | जिला स्वास्थ्य समिति / जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई |

6. ए0एन0एम0 श्रीमती रीता भारती द्वारा ग्राम हंसराजपुर में वी0एच0एन0डी0 सत्र का संचालन किया जा रहा था।

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| ड्यू लिस्ट के अनुसार 60 प्रतिशत लाभार्थियों द्वारा सत्र में प्रतिभाग किया गया । | | |
| उपकेन्द्र की 02 आशाओं द्वारा कम्यूनिटी से सम्बन्धित कार्यक्रमो का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा था। | | |
| गर्भवती महिला से वार्ता करने पर समस्त जांचो एवं केल्शियम, आयरन की गोलियॉ मानकानुसार दी जा रही है।<br>परिवार नियोजन के बारे में उचित परामर्श दिया गया था। | | |
| ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में टी0बी0 का कोई केस नहीं है। | | |
| 03 माह के शिशु को स्तनपान कराने वाली माता को जननी सुरक्षा योजना के समस्त लाभ दिये जा रहे थे | | |

Brijendra

8

| | | |
|---|---|---|
| एवं प्रसव तथा उसके उपरान्त दिये जाने वाली सेवाओं से पूर्णतः संतुष्ट थी। | | |
| ए0एन0एम0 के पास प्रेगनेन्सी टेस्टींग किट, सेनेटरी नेपकीन, आई0एफ0ए0 टेबलेट उपलब्ध नहीं थे। | तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता |

7. उपकेन्द्र सिरगिया ब्लॉक गाजीपुर

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र द्वारा 9374 की जनसंख्या को अच्छादित किया जा रहा है। | | |
| वजन मापने की मशीन द्वारा सही वजन नही लिया जा रहा था। | बी0सी0पी0एम0 को तत्काल बदलने हेतु सुझाव दिया गया | |
| ऐसेनशियल ड्रग लिस्ट के अनुसार दवाईयों की उपलब्धता थी। | | |
| प्रतिदिन लगभग 06 लोगों की ओ0पी0डी0 की जा रही थी। | प्रति माह प्रति सी0एच0ओ0 द्वारा लगभग 400 ओ0पी0डी0 की जानी चाहिए, जिस हेतु सी0एच0ओ0 को निर्देशित किया गया । | डी0सी0पी0एम0 |
| सी0एच0ओ0 द्वारा आशा से प्राप्त सीबैक फार्म के अनुसार एन0सी0डी0 स्कीनींग की जा रही थी। | | |

8. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर– सीहोरी

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र द्वारा 8559 की जनसंख्या को अच्छादित किया जा रहा है। | | |
| बी0पी0 मशीन खराब थी। | बी0सी0पी0एम0 को तत्काल बदलने हेतु सुझाव दिया गया | |
| ऐसेनशियल ड्रग लिस्ट के अनुसार दवाईयों की उपलब्धता थी। | | |
| प्रतिदिन लगभग 13 लोगों की ओ0पी0डी0 की जा रही थी। | | |
| सी0एच0ओ0 द्वारा आशा से प्राप्त सीबैक फार्म के अनुसार एन0सी0डी0 स्कीनींग की जा रही थी। | | |

**समीक्षा बैठक**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय के कोविड टीकाकरण कार्यक्रम मे व्यस्त होने के कारण जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सम्बन्धित सुधारात्मक बिन्दुओं पर चर्चा हुई। उक्त के क्रम में जनपदीय भ्रमण के दौरान पाये गये कमियों को अवगत कराया गया एवं उक्त कमियों के निराकरण हेतु जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा यथाशीघ्र कमियों को दूर करने हेतु आश्वस्त किया गया।

Brijendra Sinha
01/03/2021

**बृजेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव,**
**परामर्शदाता, कम्यूनिटी प्रोसेस,**
**एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0,**
**लखनऊ।**

Randhir
02/03/21

**रणधीर सिंह,**
**सहायक अभियन्ता,**
**एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0,**
**लखनऊ।**